दैनिक ट्रिब्यून

Source:- www.dainiktribuneonline.com
Date:- 28.03.2019

एयरपोर्ट पर पकड़ा 95 लाख का सोना

Posted On March - 28 - 2019

मोहाली, 27 मार्च (निस)
इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विदेशों से भारी मात्रा में गोल्ड ज्यूलरी लेकर आने जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। दुबई व अन्य देशों से घूमकर आने वाले लोग अपने साथ गलत ढंग से सोना भारत ला रहे हैं। बीते दिन एयरपोर्ट पर करीब 15 लाख के कैनेडियन डॉलर पकड़े गए थे वहीं आज डीआरआई की टीम ने एक यात्री से 2940 ग्राम सोना बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब 95 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी ने दरवाजे पर लगने वाली 15 चिटकनियों के अंदर के लीवर सोने के बनाए हुए थे। आरोपी की पहचान मलकीत सिंह उर्फ राजू निवासी गांव फैजपुरा जिला अमृतसर के रूप में हुई है। आरोपी को डीआरआई टीम ने टर्मीनल के पास से पकड़ा है। वह दुबई की फ्लाइट से मोहाली ऐयरपोर्ट पर आया था। आरोपी ने एयरपोर्ट से सोना बाहर ले जाने के लिए दुबई से दरवाजे में लगने वाली कुंडी (चिटकनी) इस ढंग से तैयार करवाई जिसके बीच के हिस्से को सोने की मोटी तार के रूप में तैयार करवाया हुआ था।
डीएसपी हरसिमरत सिंह बल ने बताया कि पूछताछ में यह बात सामने आई कि मलकीत सिंह ने दुबई से सोना लाने की योजना बनाई। कुछ दिनों पहले वह दुबई गया और बुधवार को इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई56 -एसटीए से वह इंडिया आया। पुलिस को पहले ही सूचना मिली थी कि आरोपी सोने की खेप लेकर आ रहा है। इस कारण डीआरआई और पंजाब पुलिस की टीम ने फ्लाइट का इंतजार किया। जैसे ही आरोपी मलकीत टर्मीनल के पास पहुंचा तो उसको चैकिंग काउंटर पर ही रोक लिया गया। ज्वाइंट टीम ने जब सामान चैक किया तो उसके बैग से चिटकनियां निकलीं। एक साथ 15 चिटकनियां देखकर डीआरआई टीम ने जांच की तो कुंडियां अंदर से सोने की तैयार करवाई हुई थीं।